भर्राशाही

रक्सा पंचायत ने 5 लाख के हरे-भरे पेड़ कौड़ियों के दाम बेच दिए, कुंभकर्णी नींद में हैं जनपद प्रशासन

# बिना जीएसटी बिलों के चल रहा फर्जीवाड़े का खेल



**चिल्हारी नवभारत 17 मई।** मानपुर जनपद पंचायत के तहत आने वाली ग्राम पंचायत रक्सा इस वक्त भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा क्षेत्र बन चुकी है। विकास के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को दीमक की तरह चाटने का ऐसा खेल यहां खेला जा रहा है, जिसे देखकर कानून और नियम-कायदे भी शर्मसार हो जाएं।

पंचायत के मुखिया सरपंच, तात्कालिक व वर्तमान सचिव और तकनीकी मूल्यांकन की जिम्मेदारी संभालने वाले उपयंत्री (सब-इंजीनियर) ने मिलकर लूट की ऐसी त्रिमूर्ति बनाई है, जिसने पूरी पंचायत को अपनी बपौती समझ लिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस महाघोटाले की गूंज जनपद पंचायत के गलियारों तक होने के बावजूद, आला अधिकारियों ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध रखी है, जो सीधे तौर पर उनकी मूक सहमति और सांठ-गांठ की ओर इशारा करती है।

### लाखों का हेरफेर किया जा रहा

रक्सा पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं का आलम यह है कि नियमों को ठेंगे पर रखकर लाखों का हेरफेर किया जा रहा है। सरकारी गाइडलाइन के मुताबिक किसी भी शासकीय कार्य में बिना जीएसटी नंबर वाले बिल लगाना दंडनीय अपराध है, लेकिन यहां धड़ल्ले से अनिल पेंटर और इशिका जनरल स्टोर जैसी दुकानों के नाम पर बिना जीएसटी वाले संदिग्ध बिल वाउचर फाइल में लगा दिए गए हैं।

### 14 लाख की पुलिया में आधी रकम साफ

भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा गोवर्दे रोड स्थित नदी पर बनाई गई पुलिया में साफ देखी जा सकती है। 14 लाख रुपये के भारी बजट से तैयार इस पुलिया का स्टीमेट सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। जमीनी हकीकत यह है कि सरपंच और पूर्व सचिव हीरालाल बैगा ने मिलकर तकनीकी मापदंडों का कत्ल करते हुए करीब 7 से 8 लाख रुपये की राशि सीधे डकार ली। घटिया छड़ और दोयम दर्जे के सीमेंट से बनी यह पुलिया आगामी पहली बारिश के थपेड़े भी झेल पाएगी या नहीं, इस पर बड़ा सवालिया निशान है।

### टैक्स चोरी और गबन का मामला

यह सीधे तौर पर टैक्स चोरी और सरकारी धन के गबन का संगीन मामला है। ग्रामीणों का आरोप है कि उपयंत्री और जनपद के तकनीकी अमले ने इन फर्जी बिलों की बिना किसी जांच के स्क्रूटनी कर दी और भुगतान भी करवा दिया। इस पूरे बिल घोटाले की अगर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो, तो कई रसूखदार सलाखों के पीछे होंगे।

### बिना अनुमति कटवा दिए 100 से अधिक पेड़

पंचायत परिसर की हरियाली पर भी इन भ्रष्टाचारियों की गिद्ध दृष्टि पड़ गई। बिना किसी सक्षम जिला स्तरीय अधिकारी की अनुमति के ग्राम पंचायत रक्सा अआधी रातों-रात 100 से अधिक बेशकीमती इमारती लिपटीस (यूकेलिप्टस), आम और आंवले के फलदार पेड़ों को कुल्हाडियों से कटवा दिया गया। बाजार में जिन पेड़ों की कीमत कम से कम 5 लाख रुपये आंकी गई थी, उन्हें महज 79,000 रुपये के कागजी रिकॉर्ड में समेट दिया गया।

### काम पूरा, मजदूरी बकाया

चौंकाने वाली बात यह है कि कागजों पर कई निर्माण कार्यों की शत-प्रतिशत राशि आहरित की जा चुकी है, लेकिन धरातल पर काम आज भी अधूरे पड़े हैं। जिन गरीब मजदूरों ने अपना खून-पसीना बहाकर काम किया, वे आज भी अपनी मजदूरी के एक-एक रुपये के लिए पंचायत भवन के चक्कर काट रहे हैं। जनपद पंचायत मानपुर के जिम्मेदार अधिकारी भी इस पूरे मामले पर रहस्यमयी चुप्पी भाइस चुप्पी साधे हुए हैं।



# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तेंदुआ शावक की मौत

मझौली बीट में पाया गया शव, क्षेत्र को सुरक्षित किया गया

**चिल्हारी नवभारत 17 मई।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक तेंदुए की मौत हो गई है। मृत जीव का शव गत दिवस मझौली बीट में पाया गया। जानकारी के मुताबिक दुर्गन्ध के कारण गश्ती दल का ध्यान उस ओर गया। जब झाडियों में पडताल की गई तो वहां एक नर तेंदुआ शावक मृत अवस्था मे मिला। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। एनटीसीए और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक कार्यालय के निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर की सहायता से घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र की जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राजेश तोमर और डॉ. विपिन चंद्र आदर्श ने शव का पोस्टमार्टम किया।

### शावक के सभी अंग सुरक्षित पाए गए

करीब डेढ़ वर्ष आयु के इस शावक के सभी अंग सुरक्षित पाए गए और प्राथमिक जांच में शिकार की आशंका नहीं मिली है। पोस्टमार्टम के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत शवदाह की कार्रवाई क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय, परिक्षेत्र अधिकारी अंजू वर्मा, तहसीलदार सनत कुमार सिंह, एनटीसीए प्रतिनिधि अक्षय दलवी, ग्राम पंचायत पनपथा के सरपंच मूलचंद्र जायसवाल तथा अमले की मौजूदगी में की गई। इस मामले में विभाग ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंकज सिंह ने की सड़क पर घायल पड़े युवक की मदद

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की संवेदनशीलता बनी मिसाल



**शहपुरा नवभारत 17 मई।** जबलपुर-कुंडम मार्ग पर रविवार को मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली, जब सड़क पर घायल अवस्था में पड़े एक बाइक चालक की मदद के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम स्वयं आगे आए।

जानकारी के अनुसार, जब पंकज सिंह तेकाम अपने सहयोगियों के साथ जबलपुर-कुंडम मार्ग से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने सड़क किनारे एक बाइक चालक को घायल अवस्था में पड़ा देखा। घटना को देखते ही पंकज सिंह तेकाम ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और सहयोगियों को घायल युवक की सहायता करने के निर्देश दिए।

**घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया**-उन्होंने घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करवाई। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों से भी मानवता के नाते जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेकाम ने बिना किसी औपचारिकता के तत्काल मदद पहुंचाई, जिससे घायल युवक को समय पर राहत मिल सकी।

**लोगों ने मानवीय पहल की सराहना की**-स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं में लोग अक्सर तमाशबीन बने रहते हैं, ऐसे में किसी जनप्रतिनिधि का रुककर मदद करना प्रेरणादायक है। पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि संकट की घड़ी में जरूरतमंद की सहायता करना ही सबसे बड़ा धर्म है। मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है और हर व्यक्ति को ऐसी परिस्थितियों में आगे बढ़कर मदद करनी चाहिए।

# स्पोर्ट्स समर कैंप 2026 को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

नर्मदा तट पर योग और फिटनेस कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी, नवभारत 17 मई।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'समर कैंप स्पोर्ट्स 2026' के तहत रविवार को मां नर्मदा नदी तट पर पुल के पास विशेष योग एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आयुष विभाग के चिकित्सक, व्यापारी दल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मनोरंजक गतिविधियों का भी हो रहा आयोजन


कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों को नियमित व्यायाम, योग एवं फिटनेस के प्रति जागरूक करना रहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में लगातार खेल, योग, फिटनेस एवं मनोरंजक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एरोबिक गतिविधियां आयोजित की गईं

विभागीय प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में योगासन, स्ट्रेचिंग एवं एरोबिक गतिविधियां आयोजित की गईं। मां नर्मदा के शांत तट पर हुए इस योग सत्र ने प्रतिभागियों को ऊर्जा, सकारात्मकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। समर कैंप में भाग ले रहे बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों एवं आमजन ने भी योग गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सात साल से खड़े बिजली पोल, लेकिन गांव आज भी अंधेरे में

विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, कई शिकायतों के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार



**शहपुरा नवभारत 17 मई।** एक ओर सरकार हर गांव तक बिजली पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर शाहपुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरिया अंतर्गत कौआझिर गांव में पिछले सात वर्षों से बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं।

गांव में बिजली पोल गाड़ दिए गए, लेकिन आज तक उन पोलों पर विद्युत लाइन नहीं डाली गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कई बार एमपीईबी विभाग के अधिकारियों को आवेदन और मौखिक शिकायत देकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन विभाग ने आज तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई। हालत यह है कि गांव के लोग आज भी मूलभूत बिजली सुविधा से वंचित हैं और अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं।

### बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

गांव में बिजली लाइन नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर सात वर्षों से बिजली विभाग किस बात का इंतजार कर रहा है? पोल लगाने के बाद भी लाइन नहीं डालना विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### विभाग कागजों में योजनाएं पूरी दिखा रहा

ग्रामीण धन सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा मुख्य अभियंता एमपीईबी डिंडौरी को दिए गए आवेदन में बताया गया कि सात साल पहले सर्वे कर पोल लगाए गए थे, जिससे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द बिजली सुविधा मिलेगी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते आज तक लाइन नहीं खिंची। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग सिर्फ कागजों में योजनाएं पूरी दिखा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

## 15 वर्षीय मयंक लापता, तलाश में भटक रहा परिवार



**चिल्हारी नवभारत 17 मई।** नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 8 से 15 वर्षीय किशोर मयंक चौधरी के लापता होने से परिवार गहरे सदमे और चिंता में है। मयंक मूलत: लालनगर कैमोर जिला कटनी का निवासी है, जो मानपुर में अपने रिश्तेदार पीडी प्रभाकर के घर घूमने आया था। जानकारी के अनुसार, मयंक 14 मईगुरुवार को शाम लगभग 6:30 बजे पीडी प्रभाकर के घर के बाहर से अचानक लापता हो गया। देर रात तक परिजनों ने आसपास, बाजार, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने 15 मई को थाना मानपुर में सूचना दर्ज कराई।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

जयंती पर प्रतिमा का शिलान्यास, अमरपुर चौराहा बना महाराणा चौक



**चिल्हारी नवभारत 17 मई।** 14 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के लोगों ने एकत्र होकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के युवा प्रवक्ता ध्रुव प्रताप सिंह (देवगवां) ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वाभिमान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि और सम्मान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष में बिताया। महाराणा प्रताप केवल एक समाज विशेष के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

### प्रतिमा निर्माण का लिया निर्णय

इसी क्रम में ग्रामसभा द्वारा अमरपुर चौराहे का नामकरण 'महाराणा चौक' कर दिया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना का शिलान्यास ठा. कमलेश्वर सिंह भूतपूर्व टीआई, यशवंत सिंह भूतपूर्व सैन्य कैप्टन, अर्जुन सिंह और सरपंच तीरथ कोल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। सभी क्षेत्रीय हिन्दुओं ने जल्द भव्य प्रतिमा निर्माण का संकल्प लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में भद्र शिला हनुमान मंदिर परिवार देवगवां के संयोजक पंडित सचिकांत, ऋषिराज सिंह, अध्यक्ष कमलेंद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, राज सिंह, प्रिंस सिंह, रणविजय सिंह, करुणेश सिंह, सोनू सिंह, हर्ष सिंह, राजकमल सिंह, प्रशांत सिंह, विराट सिंह, अखंड प्रताप और शिव प्रताप की सक्रिय भागीदारी रही।

# बिजली गुल होते ही ठप हो जाता है जिओ का नेटवर्क

उपभोक्ताओं में आक्रोश, 5जी के दावों पर उठे सवाल, ग्रामीण क्षेत्रों में वीडियो कॉल करना मुश्किल

**शहपुरा नवभारत 17 मई।** क्षेत्र में रिलायंस जिओ की नेटवर्क व्यवस्था इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जिओ नेटवर्क की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी 5जी सेवा के बड़े-बड़े दावे तो कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहपुरा नगर में यदि एक घंटे के लिए भी बिजली सप्लाई बंद हो जाए तो जिओ का नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है। ऐसे में ऑनलाइन कार्य, डिजिटल पेमेंट, बैंकिंग सेवाएं और मोबाइल इंटरनेट आधारित काम पूरी तरह प्रभावित हो जाते हैं।

### उपभोक्ताओं का टूट सकता है भरोसा

क्षेत्र में सबसे अधिक मोबाइल उपभोक्ता जिओ नेटवर्क का उपयोग करते हैं। ऐसे में नेटवर्क बाधित होते ही हजारों लोगों का काम प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि यदि कंपनी जल्द ही नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त नहीं करती तो उपभोक्ताओं का भरोसा टूट सकता है और कंपनी को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शहपुरा और ग्रामीण क्षेत्रों में जिओ के नेटवर्क सिस्टम को मजबूत किया जाए।

### छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित

छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई से लेकर आम लोगों की दैनिक जरूरतें तक प्रभावित हो रही हैं। जिओ उपभोक्ताओं द्वारा कई बार कंपनी की हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई। कुछ उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता फोरम तक में शिकायत पहुंचाई, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार बनी इस समस्या से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### व्यापारियों को होती है सबसे अधिक परेशानी

नेटवर्क गायब होने से व्यापारियों का ऑनलाइन लेनदेन रुक जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब बताई जा रही है। कई गांवों में उपभोक्ता घर के अंदर से सामान्य वीडियो कॉल तक नहीं कर पा रहे हैं। इंटरनेट स्पीड इतनी कमजोर है कि जरूरी काम भी समय पर नहीं हो पाते।



# भटक रही गौमाता, चिल्हारी में जिम्मेदार मौन

भीषण गर्मी और खाने-पानी की कमी से मवेशियों की हालत खराब

**नवभारत चिल्हारी 17 मई।** ग्राम पंचायत चिल्हारी में गौमाताओं की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। गांव की सड़कों, गलियों और बाजारों में गायें दर-दर भटकती नजर आ रही हैं। भीषण गर्मी और खाने-पानी की कमी के कारण मवेशियों की हालत खराब होती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला और पशु संरक्षण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कई गायें कचरे के ढेर में भोजन तलाशने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। सड़क पर बैठे मवेशियों से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

**गौमाता के लिए उचित व्यवस्था की मांग**-ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चिल्हारी में गौमाताओं के लिए उचित व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें दर-दर भटकने से राहत मिल सके और गांव में सुरक्षित वातावरण बना रहे।

बदहाली

अंधेरा और गंदगी का आलम, फ्रीजर नहीं होने से बढ़ रही परिजनों की पीड़ा

# ग्राम अमरपुर हॉस्पिटल का मर्चुरी हाउस बदहाल



**नवभारत चिल्हारी 17 मई।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम अमरपुर हॉस्पिटल के मर्चुरी हाउस पहुंचते ही लोगों को बदहाल व्यवस्थाओं से जूझना पड़ता है। कहीं लाइट नहीं, कहीं साफ-सफाई का अभाव, तो कहीं सुरक्षा के लिए गेट तक नहीं है। ऊपर से कच्ची और कीचड़ भरी सड़क रात के समय लोगों की मुश्किलें और बढ़ा देती है।

सबसे गंभीर समस्या मर्चुरी में रखे शवों के लिए उपयोग होने वाले फ्रीजर की बताई जा रही है। कई बार फ्रीजर सही तरीके से काम नहीं करते, जिससे शव सुरक्षित रखने में परेशानी होती है और दुर्गंध जैसी स्थिति भी निर्मित हो जाती है। ऐसे हालात में शोकाकुल परिवार मानसिक रूप से और अधिक टूट जाता है।

### अव्यवस्थाएं घाव पर नमक छिड़कने का कर रही काम

रात के समय पोस्टमार्टम के इंतजार में बैठे परिजनों को अंधेरे, गंदगी और असुरक्षा के बीच घंटों गुजारना पड़ता है। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे तक इन परेशानियों का सामना करने को मजबूर होते हैं। दुख की इस घड़ी में जहां संवेदनशील व्यवस्था की जरूरत होती है, वहां अव्यवस्थाएं घाव पर नमक छिड़कने का काम करती हैं।

### संवेदनशील जगह पर मूलभूत सुविधाएं बेहद जरूरी

स्थानीय लोगों का कहना है कि मर्चुरी हाउस जैसी संवेदनशील जगह पर पक्की सड़क, पर्याप्त लाइट, साफ-सफाई, सुरक्षा गेट, बैठने की व्यवस्था और आधुनिक फ्रीजर जैसी मूलभूत सुविधाएं होना बेहद जरूरी है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि दु:ख की घड़ी में किसी परिवार को अतिरिक्त तकलीफों से नहीं गुजरना पड़े।



# कुएं में मिला नव विवाहिता का संदिग्ध अवस्था में शव

**नौरोजाबाद,/उमरिया, नवभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरिया में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतिका की पहचान कंचन यादव के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार कंचन यादव का विवाह वर्ष 2021में सेमरिया गांव में हुआ था। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा कंचन को लगातार प्रताड़ित किया जाता था।परिजनों का कहना है कि दहेज और घरेलू विवाद को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था।इस संबंध में पूर्व में नौरोजाबाद थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन उसके बावजूद प्रताड़ना बंद नहीं हुई।मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कंचन की हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है ताकि घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है और परिजनों के आरोपों के आधार पर सभी बिंदुओं पर पड़ताल शुरू कर दी गई है।